RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 25 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 63 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई के कुछ हिस्सों में हुई झमाझम बारिश...

## मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए जारी किया येलो अलर्ट

मुंबई : कुछ हिस्सों में शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश हुई, संभवतः इस क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के कारण। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 26-27 जून को शहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश का संकेत दिया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, भारत की वित्तीय राजधानी के कुछ हिस्सों में शनिवार सुबह बारिश होने के बाद मुंबई निवासियों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली, दक्षिण-पश्चिम मानसून के आज शहर पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया।



बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने एक ट्वीट में कहा, ''आम तौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे और मुंबई शहर और उपनगरों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।'' क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, मुंबई ने अगले पांच दिनों के दौरान महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बारिश की तीव्रता में धीरे-धीरे वृद्धि की भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा, ''अगले 5 दिनों में मौसम खराब रहने की आशंका है.'' मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने पहले कहा था कि मानसून 24 जून तक मुंबई पहुंचने की संभावना है, लेकिन अभी तक औपचारिक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

आईएमडी मुंबई ने पहले कहा था, ''मानसून के रायगढ़, ठाणे, मुंबई और पालघर की ओर आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मानसून के 24 जून तक मुंबई पहुंचने की संभावना है।'' दक्षिण पश्चिम मॉनसून चक्रवात बिपरजॉय के बाद अपने प्रक्षेपवक्र को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया में है, जो अरब सागर में सबसे लंबा तूफान रहा है। आईएमडी के दैनिक बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून कर्नाटक, तेलंगाना के कुछ और हिस्सों और आंध्र प्रदेश के शेष हिस्सों में आगे बढ़ा; विदर्भ, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्से और ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल के शेष हिस्से; और 23 जून को झारखंड और बिहार के कुछ और हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में। ''अगले 2 दिनों के दौरान छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों, झारखंड और बिहार के शेष हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश के कुछ और हिस्सों और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं।''

# 30 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, दो लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने सेवरी इलाके से 30 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ 'मेफेड्रोन' जब्त किया है। इस मामले में दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तस्कर सेवरी इलाके में खाली पड़ी इमारतों में मादक पदार्थों की तस्करी का गिरोह चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि एएनसी की आजाद मैदान इकाई ने शुक्रवार देर रात मिनर्वा मिल परिसर के पास दो संदिग्धों को पकड़ा। अधिकारी ने बताया कि टीम ने आरोपियों के पास से 30 लाख रुपये मूल्य की 150 ग्राम 'मेफेड्रोन' बरामद की। उन्होंने बताया कि आरोपियों में से एक उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का है, जबकि दूसरा महाराष्ट्र के जालना का रहने वाला है। अधिकारी ने बताया कि एएनसी ने इस साल अब तक नौ विदेशी नागरिकों सहित 103 लोगों को गिरफ्तार किया है और 25.52 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने कक्षा पांचवीं, आठवीं के लिए वार्षिक परीक्षाएं फिर से शुरू कीं



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने कक्षा पांचवीं और आठवीं के लिए वार्षिक परीक्षाएं फिर से शुरू कर दी हैं, जिससे छात्र-छात्राओं के दूसरे प्रयास में इन परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने में विफल रहने पर विद्यालय उन्हें उसी कक्षा में रोक सकते हैं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को इस आशय की एक अधिसूचना जारी की। यह अधिसूचना केंद्र द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम में संशोधन की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें कक्षा आठ तक किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं करने की व्यवस्था थी। अधिसूचना में कहा गया है कि वार्षिक परीक्षा कक्षा पांचवीं और आठवीं के शैक्षणिक वर्ष के अंत में आयोजित की जाएगी। इसमें कहा गया है कि यदि कोई बच्चा परीक्षा उत्तीर्ण करने में विफल रहता है, तो अतिरिक्त मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा और दो महीने में फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक, हालांकि यदि उक्त बच्चा दूसरी बार भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसे उस वर्ष उसी कक्षा में रोक लिया जाएगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।

# बुजुर्ग महिला से 12.63 लाख रुपये की साइबर ठगी, दो लोग गिरफ्तार




**मुंबई :** मुंबई में साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें युवक ने एक बुजुर्ग महिला को कथित तौर पर 12.63 लाख रुपये की चपत लगाई। सोशल मीडिया के जरिये संपर्क में आए उक्त युवक ने महिला को शादी का प्रस्ताव दिया था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। माटुंगा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने अपराध के सिलसिले में 21 जून को उत्तर प्रदेश के नोएडा से दो युवकों को गिरफ्तार किया और शुक्रवार को उन्हें शहर लेकर आई। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर पिछले साल नवंबर में महिला को सोशल मीडिया पर 'फ्रेंड रिक्वेस्ट' (मित्रता का प्रस्ताव) भेजी थी और बाद में उसका विश्वास जीतकर उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। आरोपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर खुद को जर्मनी के निवासी के तौर पर प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने महिला से कहा कि उसने उसे एक पार्सल भेजा था, जिसे सीमा शुल्क विभाग ने हवाई अड्डे पर रोक लिया और इसे छुड़ाने के लिए उसे 3.85 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने पैसे एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। आठ दिन बाद आरोपी ने उससे संपर्क किया और दावा किया कि वह लंदन से आया है तथा दिल्ली हवाई अड्डे पर है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि उसके पास बहुत सारी नकदी थी, जिसके कारण सीमा शुल्क विभाग ने उसे हिरासत में ले लिया और उसे रिहाई के लिए 8.78 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद महिला ने आरोपी द्वारा दिए गए अलग-अलग बैंक खातों में रकम स्थानांतरित कर दी।

# समंदर में डूब रहे थे 2 बच्चे, कॉन्स्टेबल ने जान पर खेलकर बचा ली जान!



**मुंबई:** कई बार अचानक हुए हादसे में समझ नहीं आता कि किस तरह पीड़ित को मदद पहुंचाकर उसकी जान बचाई जाए लेकिन अगर सही मौके पर सही कदम उठा लिया जाए तो जान बच भी सकती है। इसका ताजा उदाहरण मुंबई पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने दिया है। इस जांबाज कॉन्स्टेबल ने समंदर में डूब रहे 2 बच्चों को अपनी जान पर खेलकर बचाया है। ये घटना शुक्रवार को लगभग सुबह छह बजे की है, जब 2 बच्चे जुहू चौपाटी के पास कोलीवाडा लैंडिंग पॉइंट पर डूब रहे थे। इस बात की जानकारी जैसे ही मुंबई पुलिस के कॉन्स्टेबल को मिली, तो वो अपनी जान की परवाह ना करते हुए उन्हें बचाने के लिए समंदर में उतर गए।




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### रिश्तों को ऊंचाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की हालिया राजकीय यात्रा को इस मायने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि इससे उद्योग व व्यापारिक रिश्तों को नये आयाम मिले हैं। दोनों देशों को एक-दूसरे की जरूरत का पता इस बात से चलता है कि पिछले एक दशक में दोनों देशों का व्यापार दुगना और चीन से ज्यादा हो गया है। जो न केवल दोनों देशों बल्कि वैश्विक आर्थिकी के भी अनुकूल है। दरअसल, अमेरिकी मदद से दोस्त से दानव बन अमेरिका को चुनौती दे रहे चीन का विकल्प अमेरिका भारत के रूप में देखता है। यही वजह है कि कुछ मतभेदों के बावजूद अमेरिका भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखता है। इस यात्रा को इस नजरिये से भी कामयाब माना जा सकता है कि जनरल इलेक्ट्रिक तथा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के मध्य भारत में एफ 414 जेट इंजन निर्माण को लेकर समझौता अंजाम तक पहुंचा है। इन इंजनों का इस्तेमाल स्वदेशी व महत्वाकांक्षी तेजस युद्धक विमानों में किया जा सकेगा। वहीं चीन व पाक सीमा की चौकसी के लिये उन्नत किस्म के ड्रोन हासिल करने के लिये जनरल एटॉमिक्स के साथ करार पर हस्ताक्षर हुए हैं। निस्संदेह, मिसाइल ले जाने में सक्षम इन ड्रोन से चीन से लगती सीमा की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला किया जा सकेगा। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण समझौता सेमीकंडक्टर संयोजन व टेस्टिंग सुविधा को लेकर होना है, जिसमें अमेरिकी कंपनी सवा आठ सौ मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। निस्संदेह, ये समझौते दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नये आयाम देंगे। साथ ही भारत आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ेगा और रोजगार के तमाम नये अवसर सृजित किये जा सकेंगे। प्रधानमंत्री से अमेरिका यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में अमेरिकी कारोबारियों, दुनिया की कई नामी कंपनियों के सीईओ की मुलाकात बताती है कि अमेरिका भारत को बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में देखता है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ इस यात्रा को दोनों देशों के संबंधों की यात्रा का मील का पत्थर बता रहे हैं। जिससे तकनीकी साझेदारी को नये आयाम मिलेंगे।

वैसे अमेरिका एक विशुद्ध व्यापारी देश है और अपने आर्थिक हितों को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं कर सकता है। ऐसे वक्त में जब अमेरिका में यह धारणा बलवती हुई है कि अमेरिका की मदद से ही चीन दुनिया में नंबर एक निर्यातक देश बना है। यानी दूसरे शब्दों में कहें तो अमेरिका के लिये चुनौती बन गया है। अमेरिका के एक वर्ग में यह चिंता है कि कहीं भारत भी अमेरिका के लिये चुनौती न बन जाये। हकीकत यह है कि भारत की हमेशा से नीति घरेलू विकास को तरजीह देने की रही है। यह स्थिति कम से कम आने वाले कुछ दशकों में बदलती नजर नहीं आ रही है। दूसरे, भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक मूल्यों में सदा से विश्वास करता रहा है। वैसे यह भी हकीकत है कि उथल-पुथल के दौर से गुजर रही वैश्विक व्यवस्था में अमेरिका भरोसेमंद साथियों की तलाश में है। दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश भारत से ज्यादा मुफीद देश कोई दूसरा हो ही नहीं सकता जो अमेरिका के आर्थिक हितों को साधने में सहायक हो। देश में तेजी से हो रहे विकास का ही परिणाम है कि भारत आज ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ऐसे में विश्वास जताया जा रहा है कि कई तरह के मतभेदों के बावजूद दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों को नये आयाम मिलेंगे। दरअसल, दोनों देश अपने आर्थिक व राजनीतिक हितों को लेकर संरक्षणवाद का सहारा लेते रहे हैं। इसके बावजूद विश्वास जताया जा रहा है कि दोनों देश किसी सीमा तक विवादों को टालने में सक्षम हो सकते हैं। इसके बावजूद कई अंतर्राष्ट्रीय मामलों में नीतियों को लेकर दोनों देशों में कतिपय मामलों में मतभेद रहे हैं। बहरहाल, इसे एक नई शुरूआत के रूप में देखा जाना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# फेरीवालों पर कार्रवाई करने मनपा भाड़े पर ले रही कर्मचारी

## फेरीवालों को लाइसेंस देने पर नजरंदाज कर मनपा का कार्रवाई पर जोर

**मुंबई :** मनपा प्रशासन पिछले लगभग 9 सालो से फेरीवाला कानून लागू नहीं कर पा रही है। बावजूद इसके मनपा प्रशासन फेरीवालों पर कार्रवाई करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मनपा प्रशासन ने हद तो तब पर कर दी जब 1 लाख 40 हजार फेरीवालों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपया कर्ज दिया लेकिन फेरीवालों को लाइसेंस देने की मात्र 36 हजार लोगो को ही पात्र कर पाई है। मनपा अब फेरीवालों पर कार्रवाई करने के लिए भाड़े पर कर्मचारी लेने की तैयारी की है जिस पर मनपा लाखो रुपए न्योछावर करने जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के निर्देश पर वर्ष 2014 से फेरीवाला कानून लागू किया जाना चाहिए था मनपा ने फेरीवालों की सर्वेक्षण भी किया और मनपा की गिनती में 99 हजार 406 फेरीवाले सर्वेक्षण में पाए गए लेकिन फेरीवालों के कागजात की जांच में मात्र 36 हजार पात्र हो पाए थे। मनपा एकतरफ 1 लाख 40 हजार फेरीवालों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत फेरीवालों को 10 10 हजार रुपया कर्ज दिया गया लेकिन लाइसेंस दें में मनपा ढिलवाई बारात रही है जिसे फेरीवलो पर कार्रवाई करने के लिए भाड़े पर कर्मचारी ले रही है। मनपा अधिकारियो का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद फेरीवालों का प्रमाण बढ़ गया है। मनपा प्रशासन इसी के चलते वार्ड स्तर पर फेरीवालों पर कार्रवाई करने के लिए ठेके पर कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है। मुंबई शहर और उपनगरों विशेषकर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अनाधिकृत फेरीवाले बढ़ गए हैं।

### फेरीवालों का दोबारा हो सर्वेक्षण

मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा ने मांग की है कि फेरीवालों के टाउन वेंडिंग कमेटी में नगरसेवकों को रखने की राज्य सरकार ने अनुमति दी है। मनपा चुनाव हुए बिना फेरीवाला कानून लागू कर पाना संभव नहीं है क्योकि नगरसेवक नहीं है। रविराजा ने मनपा प्रशासन से गुहार लगाई है कि फेरीवाला नियमानुसार हर 5 साल में फेरीवालो का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। मनपा ने जो सर्वेक्षण किया था वह 2014 में किया गया। लगभग 9 साल बीत जाने के बावजूद मनपा अब तक फेरीवाला कानून लागू नहीं कर पाई है। रविराजा ने मनपा प्रशासन से मांग की है कि फेरीवालों का दोबारा सर्वेक्षण किया जाए उसके बाद मनपा अब लाइसेंस देने की प्रक्रिया करे। मनपा द्वारा ऐसा नहीं किए जाने पर 2014 में किये गए सर्वेक्षण पर फेरीवालों को लाइसेंस दिए जाने पर कोई कोर्ट में गया तो मनपा की पूरी प्रक्रिया रद्द हो जाएगी इससे बचने के लिए मनपा को दोबारा फेरीवालों का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए इस तरह की मांग रविराजा ने मनपा प्रशासन से की है।

# मुंबई में इस दिन होगी भारी बारिश

## IMD ने जारी किया अलर्ट... महाराष्ट्र मॉनसून विदर्भ में सक्रिय



**मुंबईः** क्षेत्रीय मौसम विभाग ने मुंबई में सोमवार और मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। अगले तीन से चार दिनों में महाराष्ट्र के कुछ अन्य हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह भी साफ किया कि मॉनसून 23 जून को विदर्भ के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर चुका है। इस समय लगातार चल रही पश्चिमी हवाओं के कारण कोंकण तट पर तापमान बढ़ गया है।

हालांकि, रात में भी अधिकतम तापमान औसत से अधिक है क्योंकि हवाएं समुद्र से आ रही हैं। क्षेत्रीय मौसम विभाग की ओर से जिलेवार दिए गए पूर्वानुमान में सोमवार और मंगलवार को मुंबई में येलो अलर्ट दिया गया है। इन दोनों दिन मुंबई और ठाणे में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश की संभावना है।

**पालघर में भी बारिश का येलो अलर्ट**

पालघर जिले में भी मंगलवार को येलो अलर्ट पर है। रायगढ़, रत्नागिरी में शनिवार से मंगलवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। सिंधुदुर्ग में भी सोमवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है।

**23 जून को मॉनसून ने विदर्भ में प्रवेश किया**

वर्तमान में मॉनसून की बंगाल की खाड़ी शाखा सक्रिय है। भारतीय मौसम विभाग (क्टऊ) ने साफ किया है कि अगले तीन से चार दिनों में अरब सागर में भी मॉनसून फिर से सक्रिय हो जाएगा और तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में मॉनसून यात्रा फिर से शुरू करने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होंगी। 23 जून को मॉनसून ने विदर्भ के कुछ हिस्सों में प्रवेश किया। इस भविष्यवाणी की पुष्टि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को यह घोषणा करके की कि मॉनसून विदर्भ में प्रवेश कर चुका है।

# मुंबईकर डेंगू और मलेरिया से परेशान




**मुंबई :** मुंबई में इस साल मानसून के आगमन में देरी हो रही है फिर भी मुंबईकर मौसमी बीमारियों से जूझ रहे हैं। शहरवासी मच्छर जनित डेंगू और मलेरिया बीमारी से सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार बीते १२ दिनों से शहर के निजी और सरकारी अस्पतालों के ओपीडी में डेंगू और मलेरिया के मामलों में वृद्धि हुई है। सबसे हैरानी और चिंता की बात यह है कि अधिकांश मरीज २५-४० साल के हैं। इन मरीजों का यात्रा का भी इतिहास रहा है। मनपा के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शहर में पिछले छह महीनों में ५०० से अधिक डेंगू के मामले सामने आए हैं।




# म्हाडा मुंबई मंडल लॉटरी की तारीख आगे बढ़ी

## 10 जुलाई तक लोग कर सकेंगे आवेदन




**मुंबई :** म्हाडा मुंबई मंडल द्वारा 4 हजार 82 घरों के लिए निकाली गई लॉटरी में घरों के लिए आवेदन करने वाले लोगो को और समय दे दिया है। म्हाडा ने 26 जून तक आवेदन करने की अंतिम तारीख में बढ़ोत्तरी करते हुए 10 जुलाई तक आवेदन करने की अंतिम तारीख रखी है। अब लॉटरी जुलाई के आखिरी सप्ताह अथवा अगस्त महीने में होगी। बता दे कि म्हाडा मुंबई मंडल ने लोगो के सपनो का घर देने के लिए 4082 घरों की लॉटरी निकाली थी। म्हाडा ने घरों के लिए आवेदन करने वालो के लिए 26 जून अंतिम तारीख रखी थी और 18 जुलाई को लॉटरी निकलने वाली थी। म्हाडा मुंबई मंडल के मुख्य अधिकारी मिलिंद बोरिकर ने जानकारी देते हुए कहा कि चार साल बाद म्हाडा ने 4 हजार 82 घरों की लॉटरी निकाली जिसके लिए 22 मई से आवेदन करने की शुरूआत की गई है। इस बार म्हाडा ने आवेदन के पूर्व ही सभी कगाजतो की पहले पूर्तता करने का निर्णय लिए जाने के कारण इस बार अधिकांश लोग आवेदन नही कर पा रहे है। म्हाडा द्वारा 22 मई से फार्म भरने की शुरूआत होने के बाद से आज तक 75 हजार 683 लोगो ने फार्म भरा है जबकि 51 हजार 563 लोगो ने आवेदन के साथ पैसा भी भर दिया है।

# मुंबई में अगले सप्ताह से 15 फीसदी पानी कटौती...

## स्वीमिंग पूल और होटल की रोकी जाएगी 50% सप्लाई, जानें बीएमसी का प्लान

**मुंबई :** मॉनसून सक्रिय होने में देरी के कारण मुंबईकरों पर पानी कटौती की तलवार लटक रही है। बीएमसी ने मुंबई में 10 से 15 प्रतिशत तक पानी कटौती का ऐक्शन प्लान लगभग तैयार कर लिया है। बीएमसी मुंबई में पानी कटौती की घोषणा अगले सप्ताह कर सकती है। बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि मुंबई में पीने के पानी की कटौती की घोषणा के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, रेस्ट्रॉन्ट, शॉपिंग मॉल्स और स्वीमिंग पूल में 50 प्रतिशत तक पानी कटौती का आदेश दिया जा सकता है। पानी कटौती पर निर्णय लेने के लिए बीएमसी अगले सप्ताह समीक्षा बैठक



करेगी। अधिकारी ने बताया कि झीलों में पानी के स्टॉक की कमी के कारण नागरिकों को राहत देने के लिए ज्यादा मात्रा में पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यावसायिक संस्थानों में अधिक मात्रा में पानी की कटौती हो सकती है। यदि ज्यादा पानी संकट गहरा गया तो बीएमसी के स्वीमिंग पूलों और बगीचों में की जाने वाली पानी की आपूर्ति को भी रोक दिया जाएगा। मुंबई को सातों झीलों से प्रतिदिन 3850 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। झीलों में अभी 100111 एमएलडी पानी का स्टॉक रह गया है। इस हिसाब से झीलों में अगले 26 दिनों तक ही पानी आपूर्ति का स्टॉक बचा है। बीएमसी झीलों में पानी की कमी की वजह से रिजर्व स्टॉक का भी इस्तेमाल कर रही है, उसका भी स्टॉक सिर्फ 12.73 प्रतिशत रह गया है। इससे बीएमसी प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सातों झीलों में उनकी कुल क्षमता का सिर्फ 6.92 एमएलडी पानी का स्टॉक रह गया है। मुंबई को मोडक सागर, तानसा, विहार, तुलसी, मध्य वैतरणा, भातसा , अपर वैतरणा से प्रतिदिन 3850 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है।

# हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में वृद्धि



**मुंबई :** महाराष्ट्र में इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस साल मार्च से जून तक करीब चार महीनों में राज्य में उष्माघात के २,६४९ संदिग्ध मरीज मिले हैं, जबकि १२ लोगों की मौत हो चुकी है। रायगड, वर्धा, नागपुर जिलों में हीट स्ट्रोक के सबसे अधिक, जबकि नगर, धुले और सिंधुदुर्ग जिलों में शून्य मामले दर्ज किए गए हैं। इन चार महीनों में जिस तरह से हीट स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं, उसने ईडी सरकार के पसीने छुड़ा दिए हैं। महाराष्ट्र में आमतौर पर मार्च से मई तक गर्मी का अहसास होता है। विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तरी महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र के कुछ जिले मुख्य रूप से भीषण गर्मी की लहर से प्रभावित होते हैं।

# पहली सूची में 1,36,229 विद्यार्थियों को प्रवेश, केवल 40,241 छात्रों ने कराया एडमिशन



**मुंबई :** ११वीं कक्षा के ऑनलाइन एडमिशन की पहली मेरिट लिस्ट में नाम आने के बावजूद करीब ९६,००० छात्रों ने एडमिशन से मुंह मोड़ लिया है। आज यानी २४ जून को छात्रों के लिए एडमिशन लेने का आखिरी दिन है। वहीं पहली सूची में १,३६,२२९ विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया था। इनमें से केवल ४०,२४१ छात्रों ने एडमिशन कराया है, जबकि १०६ छात्रों को दाखिले से वंचित कर दिया गया है। साथ ही ९६ छात्रों ने प्रवेश रद्द कर दिया है। २१ जून को ११वीं कक्षा की पहली मेरिट सूची घोषित की गई थी। इस लिस्ट के मुताबिक छात्रों को २४ जून शाम ६ बजे तक की डेडलाइन दी गई है। अभी भी करीब ९६ हजार विद्यार्थियों को दाखिला लेना है। ऐसे में शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि ये विद्यार्थी जल्द से जल्द अपना एडमिशन सुनिश्चित कर लें।

# मुंबई में फ्लिपकार्ट से धोखाधड़ी करनेवाला गिरफ्तार

## स्विगी डिलीवरी का ऑर्डर लेने खड़ा था होटल के पास

**मुंबई :** एमएचबी पुलिस ने कलेक्शन के पैसे इकट्ठा कर उसे लेकर भागनेवाले करनेवाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। 40 वर्षीय आरोपी फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता था। वहीं से पैसे लेकर वह भाग गया था। आरोपी को पुलिस ने मीरारोड स्थित एक होटल के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शैलेश सुहास दिघसकर (40) है। होटल के पास खड़े होकर आरोपी पार्सल का इंतजार कर रहा था। उसने इसी तरीके से दूसरी कंपनियों के साथ भी धोखाधड़ी की है। मामले की अधिक जांच एमएचबी पुलिस द्वारा की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी बोरीवली स्थित फ्लिपकार्ट की कंपनी में काम करता था। जहां उसे पार्सल ले जाने के लिए दिया गया। उसके कलेक्शन का पैसा 1 लाख 23 हजार 715 रुपया लेकर आरोपी भाग गया। पुलिस उंसके



मोबाइल का लोकेशन निकलती थी तबतक उंसके पास पहुंचती वह व्हां से निकल गया रायत था और मोबाइल बंद हो जाता था। लेकिन पुलिस ने अपना दिमाग चलाया और जहां पार्सल देने गया था वहां बसे उसे ढूंढ निकाला।

**पार्सल वाले से मिली जानकारी**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी को ढूंढने के लिए पुलिस ने जाल बिछाया। कॉल डिटेल्स से पुलिस को पता चला कि वह स्विगी डिलीवरी बॉय के तौर पर काम कर रहा था। लेकिन उसका नंबर जल्दी से बंद होने के कारण उसका लोकेशन नहीं मिल रहा था। तभी पीएसआई डॉक्टर दीपक हिंडे की टीम वहां पहुंची और जिस होटल से पार्सल मंगाया गया था वहां होटल में पुलिस पहुंची। जहां पता चला कि वह अमूमन यहां पर पार्सल ले जाने के लिए आता था। वहीं पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**पहले भी दे चुका है घटना को अंजाम**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी स्विगी में चौथी जगह काम कर रहा था। इससे पहले वह फ्लिपकार्ट के अलावा एमेजॉन और ईबेय नामक कंपनियों में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता था। उसने पहले दो कंपनियों में भी इसी प्रकार से धोखाधड़ी की है। लेकिन उन मामलों में शिकायत नहीं हुई इसलिए वह पकड़ा नहीं गया। इसलिए वह कॉन्फिडेंस हो गया था कि इसबार भी वह नहीं पकड़ा जाएगा। लेकिन इसबार पुलिस ने उसे पकड लिया।

# ई-सिगरेट, ड्रोन, खिलौने की तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई के न्हावा शेवा में जवाहरलाल नेहरू कस्टम हाउस की विशेष खुफिया और अन्वेषण शाखा (आयात) ने ई-सिगरेट, ड्रोन, खिलौने और लैटेक्स गुब्बारों की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए दो व्यापारियों को गिरफ्तार किया। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत पांच करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि न्हावा शेवा में आरोपियों द्वारा चलाए जा रहे गिरोह का पदार्फाश उस समय हुआ, जब 22 मई को ऐसी वस्तुओं वाली दो खेप पकड़ी गईं। उन्होंने बताया, ''जांच करने पर 20,920 ई-सिगरेट, 1,792 ड्रोन, 58,500 खिलौने और लैटेक्स गुब्बारे पाए गए। कुछ मंत्रालयों ने ई-सिगरेट और ड्रोन पर प्रतिबंध लगा रखा है, जबकि खिलौने और लैटेक्स गुब्बारे भारतीय मानक ब्यूरो के अनुरूप नहीं थे।'' उन्होंने बताया, ''मुंबई के दो व्यापारियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस गिरोह के एक सदस्य को 12 मई को ई-सिगरेट के अवैध आयात के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।'

# ईडी के बाद एसआईटी भी एक्शन में...

मुंबई : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छोपेमारी के बीच बीएमसी के विभिन्न कामों में हुए घोटालों की जांच के लिए गठित की गई विशेष जांच समिति (एसआईटी) भी एक्शन में आ गई है। जल्द ही दस्तावेजों की छानबीन के साथ उससे संबंधित लोगों से पूछताछ का दौर शुरू कर दिया जाएगा। ईडी की छापेमारी के बाद अब एसआईटी की जांच की आंच में कई फंस न जाएं, इसे लेकर अधिकारियों में हड़कंप मच गई है।

# बीएमसी के 12 हजार 24 करोड़ की अनियमितता की जांच शुरू,



## मनपा अधिकारियों में हड़कंप...!

### मुंबई मनपा के नौ विभागों के में अनियमितिता हुई

नाम न छापने की शर्त पर कल एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एसआईटी ने अपना काम शुरू कर दिया है। आगामी सोमवार से जांच-पड़ताल की रफ्तार तेज होगी। आरोप है कि मुंबई मनपा के नौ विभागों के 76 कामों में 12 हजार 24 करोड़ रुपए की अनियमितिता हुई है। इन सभी कामों की टेंडर प्रक्रिया, कायादेश, अभिलेख, ठेके, खरीद प्रक्रिया, काम की गुणवत्ता से जुड़े दस्तावेज खंगाले जाएंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई मनपा में हुई अनियमितताओं के जांच के लिए विशेष जांच समिति (एसआईटी) गठित करने की स्वीकृति बीते सोमवार को प्रदान की थी। मुंबई पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में यह समिति गठित की गई है, जिसमें आर्थिक अपराध शाखा के सहपुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों भी शामिल हैं। इस समिति को 28 नवंबर 2019 से 31 अक्टूबर 2022 की कालावधि में जारी किए गए विभिन्न कार्यों में हुई 12 हजार 24 करोड़ रुपए की अनियमितता की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। इन कामों को लेकर महालेखापाल (कैग) की ऑडिट रिपोर्ट में आपत्तियां जताई गई थी। इसके अलावा कोविड महामारी के दौरान हुए खर्च पर भी सवाल उठाए गए हैं। भाजपा नेताओं का आरोप है कि बिना टेंडर सत्यापन के काम दिया गया है, टेंडर के नियमों और शर्तों के उल्लंघन और टेंडर में हेरफेर के मामले सामने आए हैं। कुछ मामलों में अपात्र ठेकेदारों को भी निविदाएं प्रदान की गई हैं।

### शवों के लिए बैग की खरीदी में अनियमितता

मनपा ने बिना टेंडर मंगाए दो हिस्सों में 214 करोड़ रुपए के 20 काम दिए, 4,755 करोड़ रुपए के 64 काम बिना कॉन्ट्रैक्ट साइन किए ठेकेदारों को दिए गए। ठेकेदारों को दिए गए 3,355 करोड़ रुपए के तीन अलग-अलग विभागों के 13 कार्यों को सत्यापित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट की कोई व्यवस्था नहीं थी। वर्ली में डॉ. ई मोसेस रोड और केशवराव खाडे मार्ग, परेल टीटी फ्लाईओवर, मीठी नदी और मातोश्री के पास बांद्रा में कई काम बिना फ्लोटिंग टेंडर व बिना दिशा-निर्देशों के दिए जाने के आरोप हैं। इस बीच ईडी की जांच- पड़ताल संज्ञान में आया है कि कोविड महामारी के दौरान बीएमसी द्वारा संचालित कोविड अस्पतालों में दवाईयां, साहित्य, शवों के लिए बैग की खरीदी में अनियमितता बरती गई है। एक बॉडी किट 6800 रुपए की दर सी खरीदी गई जबकि बाजार में उसकी कीमत दो हजार रुपए थी। लाइफलाइन जंबो कोविड सेंटर में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की वास्तविक तैनाती बीएमसी की गई बिलिंग में दिखाई गई तैनाती से 60-65 प्रतिशत कम थी। बिलिंग के लिए कंपनी ने उन डॉक्टरों के नाम प्रदान किए, जो लाइफलाइन जंबो कोविड सेंटर के संबंधित केंद्रों में काम नहीं कर रहे थे। कोविड-19 के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रेमडेसिविर सहित अन्य दवाएं भी बाजार कीमतों से 25-30 प्रतिशत अधिक दरों पर खरीदी गईं। जांच की आंच अधिकारियों से लेकर पूर्व महापौर किशोरी पेडणेकर सहित ठाकरे गुट के अन्य नेताओं तक पहुंच सकती है। कोविड सेंटर पर लगे आरोपों की जांच ईडी कर रही है।

# पुलिस कमिश्नर ने ७ पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया



**वसई :** मई २०२३ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारियों को मीरा-भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के पुलिस कमिश्नर मधुकर पांडेय ने प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित कर उनका मनोबल काम के प्रति बढ़ाया है। साइबर क्राइम ब्रांच के (पुलिस निरीक्षक ) सुजीतकुमार गुंजकर,मांडवी पुलिस स्टेशन (सीनियर पुलिस निरीक्षक) प्रफुल्ल वाघ,मीरा रोड पुलिस स्टेशन के (सीनियर पुलिस निरीक्षक ) विजयसिंह बागल व (काशिमीरा,क्राइम ब्रांच युनिट १ पुलिस निरीक्षक ) अविनाश कुराडे,मध्यवर्ती क्राइम ब्रांच (सहायक पुलिस निरीक्षक ) नितीन बेंद्रे,क्राइम ब्रांच युनिट ३ विरार (पुलिस निरीक्षक) प्रमोद बड़ाख,माणिकपुर पुलिस स्टेशन के (सीनियर पुलिस निरीक्षक ) संपतराव पाटिल और वसई पुलिस स्टेशन के (सीनियर पुलिस निरीक्षक ) रंजीत आंधेल को प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर उनको गौरवान्वित किया है, उपरोक्त प्रशस्ति -पत्र २२ जून को मासिक अपराध समीक्षा बैठक में दिया गया है।बातदे कि, उपरोक्त पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारी द्वारा मई २०२३ में विभिन्न गंभीर अपराधों में अपराधियों को धर दबोच कर कई मामलों की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस महकमे का नाम रौशन किया। पुलिस ने बताया कि,उपरोक्त पुलिस अधिकारी को स्पेलश रिवॉर्ड क्र.१,स्पेशल रिवॉर्ड क्र.२,स्पेलश रिवॉर्ड क्र.३ स्पेशल रिवॉर्ड क्र.४ उसके बाद उत्कृष्ट समाधान क्र.१,उत्कृष्ट समाधान क्र.२ और उत्कृष्ट समाधान क्र.३ देकर कमिश्नर मधुकर पांडेय ने सम्मानित किया है।

# राकांपा नेता से जुड़े इस बैंक पर ईडी का छापा...

## 1000 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में जाने क्या है जयंत पाटिल का कनेक्शन



**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिल रही बड़ी खबर के अनुसार, यहां बीते शुक्रवार को ईडी ने संदिग्ध लेनदेन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पश्चिमी महाराष्ट्र में 14 परिसरों की एक साथ तलाशी ली। इस गहन छापेमारी में सांगली में राकांपा राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल से जुड़े राजारामबापु सहकारी बैंक लिमिटेड का कार्यालय भी शामिल बताया जा रहा है। वहीं ईडी ने जिस मामले में छापेमारी की, वह लगभग 1000 करोड़ रुपये घोटाले का एक दशक पुराना मामला बताया जा रहा है। इसके साथ ही जिन परिसरों की तलाशी हुई उनमें एक उअ का भी परिसर शामिल है। इधर उक्त उअ (चार्टर्ड अकाउंटेंट) पर ईडी को पहले से ही संदेह है कि उसने कई कंपनियों को कमीशन के बदले फर्जी व्यापारिक लेनदेन के माध्यम से वैध धन को अवैध धन में बदलने और इसके विपरीत में मदद करने में मदद की थी।

मामले पर ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि, संदिग्ध कंपनियों में शहर के कई बड़े समूह भी शामिल हैं। वहीं ईडी ने अपनी जांच में पाया कि उअ ने कंपनियों को उनके अवैध धन को नगदी में बदलने में मदद की। इस रकम को रिश्वत देने या अस्पष्ट खर्चों के लिए किया गया था। मनी लॉन्ड्रिंग यह मामला बीते 2011 का है। आरोप है कि उअ ने कथित तौर पर अपनी शेल फर्मों के नाम पर फर्जी बिल और चालान प्रदान करके कंपनियों को कच्चा माल बेचा था। कंपनियां कथित तौर पर RTGS के माध्यम से फ़इछ में शेल कंपनी खातों में धन ट्रान्सफर करती थीं। इधर ईडी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जाली ङउ दस्तावेजों के साथ फ़इछ में कई खाते खोले गए और फर्जी तरीकों से इन खातों में बड़ी रकम स्थानांतरित की गई।

फिर खातों से उक्त पैसा कैश में निकाल लिया गया, जिसकी रिपोर्ट बैंक अपने बड़े अधिकारियों को करने में विफल रहा। ऐसा भी आरोप है कि उअ की कई फर्जी कंपनियां थीं और उन्होंने फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराकर बैंक में कई अन्य लोगों के साथ उनके नाम पर खाते खोले थे। जानकारी हो कि सांगली में राकांपा राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल भी फ़इछ से जुड़े हुए हैं।

# स्विमिंग पूल में तैरते समय गई 14 साल के लड़के की जान



**मुंबई:** मुंबई के गोरेगांव में बड़ी दर्दनाक घटना सामने आई है। गोरेगांव के गोकुलधाम हाई स्कूल के स्विमिंग पूल में तैरते समय एक 14 साल के लड़के की मौत हो गई। मृतक लड़के का नाम शार्दुल संजय अरोलकर है और वह उसी स्कूल की दूसरी ब्रांच यशोधाम स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता था। इस मामले में दिंडोशी पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। शार्दुल अपने परिवार के साथ बोरीवली के योगीनगर इलाके में रहता था। शार्दुल के पिता डिंडोशी की एक अदालत में कार्यरत हैं। शुक्रवार को स्कूल के बाद शार्दुल हमेशा की तरह गोकुलधाम स्कूल के स्विमिंग पूल में तैरने गया। शार्दुल पिछले छह महीने से यहीं पर तैराकी सीख रहे थे। तीन-चार कोच उसे तैराकी का प्रशिक्षण दे रहे थे।




## गांजा मामले में 3 गिरफ्तार, माल जब्त



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत आचोले पुलिस व क्राइम ब्रांच युनिट ३ द्वारा गांजा के मामले में ३ आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि ३ फरार बताए जा रहे है,आरोपियों के पास पुलिस ने गांजा बरामद किया है। आरोपियों के ऊपर अलग-अलग थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है मिली जानकारी का अनुसार,आचोले पुलिस ने २२ जून को रात्रि लगभग ७,३० बजे के आसपास गुप्त सूचना के आधार जे.बी.एस गली,अलकापुरी,नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में गांजा विक्री के मामले में कार्रवाई की है।इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पास से कुल १ किलो १०५ ग्राम वजन गांजा (कीमत-११,४०० रुपये) जप्त किया है,जिसमे एक आरोपी अदनानमोहम्मद हुसेन खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,जबकि सचिन, आयन व अजित कनौजिया फरार बताया जा रहा है।

# जन औषधि केंद्रों की संख्या में होगा इजाफा: मांडविया

## वर्तमान में राज्य में 600 केंद्र शुरू, संख्या बढ़ाकर 1 हजार की जाएगी




**मुंबई :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि केंद्र की आयुष्मान भारत योजना और राज्य सरकार की ज्योतिबा फुले योजना को एक साथ लाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, इसका फायदा महाराष्ट्र की 12 करोड़ जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में फिलहाल 600 जन औषधि केंद्र चल रहे हैं, जहां मरीजों को बाजार भाव से 50 प्रतिशत कम कीमत पर दवा उपलब्ध कराई जाती है, इनकी संख्या बढ़ाकर एक हजार की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को स'ाद्रि गेस्ट हाऊस में आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की। बैठक में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, नेशनल हेल्थ अथारिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस गोपालकृष्णन आदि मौजूद थे। इस बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मांडविया ने कहा कि अमेरिका में ओबामा केयर योजना लोकप्रिय हुई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 12 करोड़ लोगों को एक साल में 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज कराने वाली आयुष्मान भारत योजना लागू की।

महाराष्ट्र में केंद्र की आयुष्मान भारत और राज्य की ज्योतिबा फुले योजना को एक साथ मिलाकर आम लोगों को 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुरक्षा देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसका फायदा महाराष्ट्र की 12 करोड़ जनता को होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में फिलहाल 600 जनऔषधि केंद्र चल रहे हैं, आगे चलकर इनकी संख्या बढ़ाकर एक हजार की जाएगी।

कोविड काल में किए गए कार्यों की तारीफ मांडविया ने कोविड काल में किए गए कार्यों की तारीफ की। जब उनसे पूछा गया कि कोविड काल के दौरान हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है तो उन्होंने कहा कि पैसा किसी उद्देश्य के लिए दिया जाता है, ताकि उसका अच्छी तरह उपयोग हो सके, लेकिन उसका उचित उपयोग नहीं हुआ तो उसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कोविड काल के दौरान हुए कार्यों पर राजनीति नहीं करना चाहता हूं। उस दौरान केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की पूरी सहायता की थी।

## जनवरी से मई, लोकल ट्रेनों में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और विनयभंग के 38 मामले दर्ज



**मुंबई :** मुंबई की लाइफ लाइन कही जानेवाली मुंबई लोकल ट्रेनों में महिलाओं के साथ आए दिन होनेवाली छेड़छाड़ और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से मई तक सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे लाइन पर छेड़छाड़ और विनयभंग के ३८ मामले दर्ज किए गए हैं। साथ ही २०१७ से लेकर अब तक मध्य और पश्चिमी उपनगरीय रेलवे लाइनों पर कुल ६६८ छेड़छाड़ के मामले दर्ज किए गए हैं।बढ़ते मामलों को देखते हुए लोकल में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मुंबई में पश्चिम, मध्य, हार्बर और ट्रान्स हार्बर मार्ग पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में महिला-पुरुष यात्री यात्रा करते हैं लेकिन हाल की बढ़ती घटनाओं से साफ है कि सुबह से लेकर देर रात तक चलने वाली लोकल में रेलवे द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। उपनगरीय रेल लाइन पर प्रतिदिन लगभग ६० लाख यात्री यात्रा करते हैं। इसमें महिलाओं की संख्या करीब २० लाख है। हालांकि, रेलवे पुलिस देर रात तक महिला कोचों में पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाती है लेकिन पुलिसकर्मियों की संख्या की कमी के कारण कई कोचों में पुलिसकर्मी नहीं होते हैं।

ऐसा नहीं है कि केवल ट्रेनों के डिब्बों में ही महिला यात्री असुरक्षित हैं। रेलवे स्टेशनों और प्लेटफॉर्मों पर भी महिला यात्रियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आती रहती हैं। दोपहर के साथ-साथ रात में भी महिला कोच में यात्रियों की संख्या कम रहती है, उस समय भी गर्दुल्लों के डिब्बे में घुसने के कई मामले सामने आए हैं। ये लोग महिला यात्रियों के मोबाइल, गले से चेन खींचने की कोशिश में उनके साथ छेड़छाड़ करते है।

## हाफकिन महामंडल की 3,826 वर्ग मीटर जमीन आईसीएमआर को सौंपने का कड़ा विरोध

**मुंबई :** विश्व के ४५ देशों में पोलियो का टीका निर्यात करने वाली व जीवनरक्षक टीका व दवाई का निर्माण करने वाले महाराष्ट्र शासन के उपक्रम हाफकिन महामंडल की ३,८२६ वर्ग मीटर जमीन आईसीएमआर को सौंपने का कड़ा विरोध किया जा रहा है। गत ६ जून को जिलाधिकारी कार्यालय में जारी इस नोटीफिकेशन का हाफकिन बायो-फार्मास्यूटिकल कॉर्पोरेशन एम्प्लॉईज यूनियन जमकर विरोध कर रहे हैं और आज शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष के उपनेता सचिन अहिर के नेतृत्व में परेल स्थित हाफकिन के प्रांगण में आंदोलन किया। इस दौरान विधायक अजय चौधरी भी मौजूद थे। सचिन अहिर ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार खुद की जमीन बिना वजह केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाली संस्थान को दे रही है। सीधे तौर पर यह सरकार, प्रशासन का गलत इस्तेमाल कर रही है। सचिन अहिर का कहना है कि इससे पहले हाफकिन की जगह का एक हिस्सा टाटा हॉस्पिटल को दिया गया था, जो अस्थाई तौर पर था, लेकिन अभी तक खाली नहीं किया गया। अब आईसीएमआर को २,८२६ वर्ग मीटर की जगह दी जा रही है, इसका हम विरोध कर रहे हैं। इस हस्तांतरण के बारे में एम्प्लॉईज यूनियन को अंधेरे में रखा गया है। यूनियन को डर है कि जिस तरह टाटा हॉस्पिटल ने इस अस्थाई जमीन पर कब्जा जमा लिया है और अब डॉक्टर व नर्स के लिए स्टाफ क्वार्टर बनाने की प्रक्रिया शुरू है। इसी तरह कहीं आईसीएमआर भी कहीं स्थाई न हो जाए।

# कचरे को लेकर शुरू की गई हेल्पलाइन पर दो सप्ताह में 2 हजार शिकायत

**मुंबई :** शहर को स्वच्छ रखने के लिए मुंबई मनपा प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास किया जाता है। बावजूद इसके कई जगहों पर कचरों का अंबार लगा रहता है। जिससे दुर्गंध तो फैलती ही है बीमारी भी फैलने की संभावना बनी रहती है। मुंबई शहर को स्वच्छ बनाने के लिए और लोगों की शिकायत का हर संभव निपटारा करने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर मनपा प्रशासन ने व्हाटशॉप नंबर 8169681697 नंबर जारी किया।इस नंबर पर आई शिकायतो का 8 घंटो के भीतर निपटारा करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया था। पिछले दो सप्ताह से शुरू हुए इस नंबर पर अब तक कुल 2282 शिकायत आ चुकी है । मनपा प्रशासन ने आई शिकायतो में से 2164 शिकायतो का निपटारा भी कर दिया ।मनपा द्वारा की गई कार्रवाई लगभग 98 प्रतिशत है जो कि शहर की स्वच्छता के लिए उचित कदम माना जा सकता है।



बता दे कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मनपा प्रशासन ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए 7 जून को व्हाटशॉप नंबर जारी किया था।इस व्हाटशॉप नंबर पर 21 जून तक कुल 2282 शिकायते आई थी जिसमे से 1543 शिकायत कचरे के लिए थी जबकि 636 शिकायत डेब्रिज के लिए थी। मनपा प्रशासन ने कचरे सहित डेब्रिज को लेकर आई कुल शिकायतो में 2164 शिकायतो को तय समय में निपटारा कर दिया।

मनपा प्रशासन का कहना है कि जिन स्थानों पर से कचरे को लेकर बार बार शिकायते आती है उन इलाको पर मनपा के वार्ड द्वारा विशेष ध्यान रखा जाएगा। पिछले दो सप्ताह के दौरान कचरे को लेकर कुल 1546 शिकायत पूरे मुंबई से आई थी जिसमे से मनपा प्रशासन ने 1543 मामलो का समय रहते निपटारा कर दिया।इसी तरह दो सप्ताह में डेब्रीज को लेकर 636 शिकायत आई जिसमे मनपा अधिकारियो में 621 मामलो का समय रहते निपटारा कर दिया। मनपा द्वारा कचरा सहित डेब्रीज को हटाने को लेकर की गई कार्रवाई में मनपा द्वारा तय समय में 98 प्रतिशत मामलों का समय रहते निपटारा कर दिया गया है।जिससे आम नागरिक भी मनपा द्वारा शुरू की गई शिकायत को लेकर व्हाटशॉप योजना को अच्छा मान रहे है।लोगो का कहना है कि अभी तक मनपा के 1916 पर शिकायत करने की उनके पास सुविधा थी।मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू की गई व्हाटशॉप योजना से लोगो को शिकायत करने का अच्छा प्लेट फार्म मिला है जिसका लोग उपयोग कर रहे है और मनपा अधिकारी भी उसका निपटारा कर रहें है ।

# आतंकवाद पर मोदी-बाइडन ने पाकिस्तान को लगाई लताड़, कहा- आतंकवाद को बढ़ावा देना करें बंद

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका ने एक बार फिर पाकिस्तान को सख्त हिदायत दी है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए ना हो। पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच गुरुवार को वाशिंगटन में हुई द्विपक्षीय वार्ता में आतंकवाद और कट्टरता के बढ़ते खतरे पर काफी विस्तार से बात हुई है। इस वार्ता के बाद दोनो देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान में आतंकवादी गतिविधियों को सरकारी नीति के तौर पर बढ़ावा देन के पाकिस्तान को सख्त शब्दों में समझाया गया है कि उसे इन गतिविधियों को रोकना होगा।



### भारत और अमेरिका वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ

भारत व अमेरिका के इस रूख से अंदरुनी राजनीतिक झंझावत में फंसे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पूर्व पीएम इमरान खान ने उक्त संयुक्त बयान के आधार पर पीएम शाहबाज शरीफ सरकार को घेरा है कि उन्होंने विश्व मंच पर पाकिस्तान को अप्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान की मीडिया ने भी भारत व अमेरिका के संयुक्त बयान को काफी कवरेज दिया है।

उल्लेखनीय तथ्य यह है कि वर्ष 2021 में मोदी और बाइडन की पहली द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया था। लेकिन गुरुवार को जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान का सीधे तौर पर नाम लिया गया है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि, भारत और अमेरिका वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ एक साथ हैं और हर तरह के आतंकवाद व कट्टरवाद की निंदा करते हैं।

### आतंकियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने की अपील

मोदी और बाइडन संयुक्त राष्ट्र की तरफ से अधिसूचित अल-कायद, जैश-ए- मोहम्मद, लश्यरे तैयबा, हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने की अपील करते हैं। दोनो नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की है और पाकिस्तान को कहा है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए ना हो।

दोनो नेताओं ने मुंबई हमले व पठानकोट हमले के दोषियों को सजा दिलाने की भी मांग की है। दोनो देशों की सरकारों ने आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) के तहत और ज्यादा सहयोग करने की बात कही है।

### आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

पीएम मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति बाइडन से बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में और उसके बाद अमेरिकी संसद के संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए आंतकवाद का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। मोदी ने कहा कि, ह्वर्ष 2001 में अमेरिका पर और वर्ष 2008 में मुंबई पर घातक आतंकी हमला होने के लंबा समय बीत जाने के बावजूद आंतकवाद व कट्टरवाद एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

इस विचारधारा के लोग नये रूप बदलते रहते हैं। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और इससे निपटने के लिए किसी तरह की किंतु-परंतु नहीं होनी चाहिए। आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों और इसका निर्यात करने वालों से हमें निपटना होगा।

पीएम मोदी ने जिस तरह से आतंकवाद के मुद्दे को अमेरिका के साथ मिल कर उठाया है उससे पाकिस्तान में जबरस्त चिंता की लहर है। खास तौर पर वहां की मीडिया ने इसे भारतीय कूटनीति की बड़ी जीत और पाकिस्तान की नीति के हार के तौर पर देखा है।

# अब दिन में सस्ती और रात में महंगी पड़ेगी बिजली, केंद्र ने पावर टैरिफ में किया बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। क्या आप भी हर महीने ज्यादा बिजली का बिल भर-भर के परेशान हो गए हैं, तो आपके लिए राहत की खबर है. सरकार की तरफ से अब ऐसा कदम उठाया गया है, जिसके बाद में आपका बिजली बिल काफी कम हो जाएगा. क्योंकि देश में अब बिजली की दरें दिन और रात में अलग-अलग होंगी. केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया. ऐसा होने पर देशभर के बिजली उपभोक्ता सौर घंटों (दिन के समय) के दौरान बिजली खपत का प्रबंधन कर अपने बिजली बिल में 20 प्रतिशत तक की बचत कर सकेंगे.



### कब से लागू होगा नियम ?

शुल्क व्यवस्था 1 अप्रैल 2024 से 10 किलोवाट और उससे ज्यादा मांग वाले वाणिज्यिक व औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए लागू हो जाएगी. कृषि छोड़कर अन्य सभी उपभोक्ताओं के लिए यह नियम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगा. हालांकि, स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए टीओडी व्यवस्था तभी लागू होगी जब वे इस तरह का मीटर लगवाएंगे।

### बिजली मंत्रालय ने क्या कहा ?

बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि भारत सरकार ने बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन कर मौजूदा बिजली शुल्क प्रणाली में दो बदलाव किए हैं. ये बदलाव दिन के समय शुल्क प्रणाली की शुरूआत और स्मार्ट मीटर से जुड़े प्रावधानों को युक्तिसंगत बनाने से संबंधित हैं।

### केंद्र ने स्मार्ट मीटरिंग के नियमों को भी किया सरल

केंद्र ने स्मार्ट मीटरिंग के नियमों को भी सरल बना दिया है. इसमें उपभोक्ताओं की असुविधा और उत्पीड़न से बचने के लिए अधिकतम स्वीकृत लोड से ज्यादा उपभोक्ता की मांग में बढ़ोतरी लिए मौजूदा दंड का प्रावधान किया गया है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह के मुताबिक अब उपभोक्ता अपनी बिजली लागत को कम करने के लिए अपने उपभोग की योजना बना सकते हैं. बिजली की लागत कम होने पर सौर घंटों के दौरान ज्यादा गतिविधियों की योजना बनायी जा सकती है।

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस में तनातनी: शैलजा ने आदेश पलटा, तो मरकाम बोले- लिस्ट के हिसाब से ही काम करेंगे पदाधिकारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में इस समय कथित गुटबाजी और अंतर्कलह देखने को मिल रही है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के बीच भारी कंट्रोवर्सी चल रही है। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के कुछ नेताओं के प्रभार बदले जाने के आदेश को रद्द कर दिए हैं। इसके बाद से ही प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। मामले में बीजेपी और आम आदमी पार्टी कांग्रेस को घेरने में लगी हुई है। जमकर आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं।



कुमारी शैलजा ने रवि घोष को प्रशासन और संगठन का प्रभारी बनाने के लिए तुरंत आदेश जारी करने के लिए है। वहीं मामले में मरकाम का कहना है कि नया आदेश जारी होते तक उनकी जारी लिस्ट के अनुसार ही पदाधिकारी काम करेंगे। समय-समय पर पदाधिकारियों के कार्य कां बंटवारा होते रहते हैं। जो पूर्व में पदाधिकारियों के प्रभार बदले गए थे वो प्रभावशील रहेंगे। आगामी आदेश तक काम करते रहेंगे।

बता दे कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने दो दिन पहले प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों को नया प्रभार सौंपने का आदेश जारी किया था, जिसमें उन्होंने प्रभारी महामंत्री प्रशासन और संगठन की जिम्मेदारी अरूण सिसोदिया, महामंत्री रवि घोष को बस्तर संभाग प्रभारी, महामंत्री अमरजीत चावला को रायपुर चंद्रशेखर शुक्ला को मोहला मानपुर प्रभारी, महामंत्री यशवर्धन राव को प्रशिक्षण प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि इस आदेश को बीते दिनों मुख्यमंत्री आवास में हुई बैठक के बाद कुमारी सैलजा ने आदेश रद्द करने के लिए निर्देश जारी किया हैं।

### मीडिया से बचती नजर आई कुमारी सैलजा

इस विवाद को लेकर जब मीडिया ने कुमारी सैलजा से सवाल करने की कोशिश की तो वे सवालों से बचती हुई दिखीं। सैलजा रायपुर में दो दिनों तक बैठक ली थीं।

### विपक्ष ने कसा तंज

कांग्रेस में मचे घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने तंज कसा है। रेणुका सिंह ने कहा कि जिस पार्टी में अनुशासन नहीं होता,वहां झगड़े होते है। कोई बड़ा कार्यक्रम होता है तो जूते-चप्पल तक चल जाते हैं और मारपीट की स्थिति आ जाती है। दूसरी ओर पंजाब के विधायक एवं आप के प्रदेश सहप्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया ने सवाल उठाए हैं। हरदीप मुंडिया ने कहा कि इस बार ये गुटबाजी किसी मंत्रियों के बीच नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के बीच देखने को मिला है।

# पंचतत्व में विलीन हुए विद्यारतन भसीन

## बेटियों ने दी मुखाग्नि, बीजेपी और कांग्रेस के नेता रहे मौजूद

भिलाई। वैशाली नगर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक विद्यारतन भसीन पंच तत्व में विलीन हो गए. उनकी बेटियों ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया. अंतिम संस्कार के दौरान मुक्तिधाम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर श्रद्धांजलि देने पहुंचे।



इससे पहले उनके अंतिम दर्शन के लिए भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता उनके वैशालीनगर निवास पहुंचे. जिसमें पूर्व सीएम रमन सिंह, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, सांसद सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल समेत तमाम नेता मौजूद रहे।

विद्यारतन भसीन का जन्म 27 दिसम्बर 1947 को हुआ था. उनकी तीन बेटियां हैं. विधायक विद्यारतन भसीन अपने शुरूआती दिनों में कॉन्ट्रेक्टर और ट्रांसपोर्टर रहे. उसके बाद वे भाजपा के महामंत्री बने. उनके पिता चुन्नीलाल भसीन संघ से जुड़े थे. साल 2005 से साल 2009 तक भसीन भिलाई नगर निगम के महापौर रहे।

विधायक भसीन वैशाली नगर विधानसभा से दो बार के विधायक थे. साल 2013 और 2018 में विद्यारतन भसीन वैशाली नगर से भाजपा के विधायक बने. इसके बाद से भिलाई निगम में भाजपा के महापौर नहीं बने.

साल 2015 में विद्यारतन भसीन को फिर से एक बाद महापौर का प्रत्याशी बनाया गया. लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार देवेंद्र यादव से उन्हें हार का सामना करना पड़ा. लेकिन साल 2018 में प्रदेश भर में कांग्रेस की लहर के बाद भी दुर्ग संभाग में विधायक भसीन ने वैशालीनगर विधानसभा सीट को बचाए रखा और कांग्रेस प्रत्याशी बदरुद्दीन कुरैशी से 18080 वोट से जीत हासिल की. वहीं 2013 में भी उन्होंने 25 हजार वोटो से अपने प्रतिद्वंदी भजन सिंह निरंकारी को हराया था।




# भाजपा ने आरंभ किया घर-घर संपर्क कार्यक्रम,जनता से मांगेंगे समर्थन

## मोदी सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों व प्रदेश में भाजपा के 15 साल के शासन में हुये विकास कार्यों को बतायेंगे, करेंगे चर्चा

## छत्तीसगढ़ में भाजपा को विजयी बनाने संकल्पित हैं कार्यकर्ता - श्रीनिवास राव मद्दी



**जगदलपुर (इस्पात टाइम्स)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्व. डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत आज गुरुवार से घर-घर पहुँच कर संपर्क से कार्यक्रम आरंभ किया है। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के लोहण्डीगुडा. में विशेष जनसंपर्क अभियान में हुये कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक के बाद घर-घर संपर्क करने का कार्यक्रम भाजपा कार्यकताओं द्वारा शुरू किया गया। जिसमें मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ व प्रदेश में भाजपा के पन्द्रह साल के शासन हुये विकास कार्यों को लेकर भाजपा कार्यकर्ता घरों में दस्तक देकर लोगो से चर्चा कर रहे हैं और समर्थन भी मांग रहे हैं।

पूर्व वन विकास अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने भाजपा लोहंडीगुडा.मण्डल की बैठक लेकर विशेष जनसंपर्क अभियान में अब तक संपन्न हुये कार्यक्रमों की समीक्षा की और आगे की कार्ययोजना के संबंध में मण्डल के कार्यकताओं के बीच चर्चा की। श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा सरकार के उपलब्धियों से भरे सफलतम नौ वर्ष पूर्ण हुये हैं। जिसको लेकर आगामी 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान में भाजपा द्वारा अनेक कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें अब तक पूर्ण हुये कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी और आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक व महान राष्ट्र चिंतक स्व. डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर घर घर संपर्क कार्यक्रम जनता से सीधे जुड़ने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता आगामी चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने संकल्पित हैं।

बैठक व घर-घर संपर्क के आरंभ अवसर पर पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, नरसिंह राव,नरसिंह ठाकुर,बलीराम बघेल, बसंत कश्यप, चंद्रभान कश्यप, सावेन्द्र सेठिया, मंगतू कश्यप, सुकालू राम कश्यप आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आदिवासी जनप्रतिनिधियों को अपमानित करना कांग्रेस की आदत - केदार कश्यप

## कांग्रेस या तो प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को बदल दे या फिर उन्हें यथोचित सम्मान दे

## 24 घंटे में अपने प्रदेश अध्यक्ष का निकाला आदेश कांग्रेस ने कूड़े के ढेर में फेंक निरस्त कर दिया



**जगदलपुर (इस्पात टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने दो दिनों पूर्व एक आदेश जारी कर कुछ पदाधिकारियों के प्रभार में परिवर्तन किया था ।परंतु कांग्रेस के अंतर्कलह एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा आदिवासी जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने का सिलसिला जारी रहने की वजह से फिर एक बार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री मरकाम द्वारा निकाला गया आदेश कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया और 24 घंटे के अंदर उस आदेश को निरस्त किया गया ।

केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री मरकाम के आदेश को न मानने की यह घटना कोई पहली बार नही है , ऐसी घटनायें अनेक बार हो चुकी है।राजधानी रायपुर में हुये कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की फोटो तक गायब कर दी गयी थी,कांग्रेस के राष्ट्रीय शीर्ष नेतृत्व के आगमन पर मोहन मरकाम के साथ सुरक्षा गार्डो द्वारा धक्का मुक्की करने की घटना हो चुकी है। इसके अलावा भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अनेक मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को अपमानित करने प्रयास होते रहे हैं ।क्योंकि कांग्रेस हमेशा से ही आदिवासी समाज को अपमानित करने का कार्य करती है ।भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति का भी अपमान किया था और इसी कड़ी में वो लगातार आदिवासी जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रही है ।श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस या तो मोहन मरकाम को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दे या तो फिर उनका सम्मान करे ।प्रदेश के आदिवासी समाज को बार बार अपमानित करने का कृत्य कांग्रेस जानबूझकर कर रही है, जिसे आदिवासी समाज सहन नहीं करेगा।

# बॉलीवुड स्टार वाणी कपूर ने छत्तीसगढ़ के भिलाई और बिलासपुर में कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन किया

**भिलाई/बिलासपुर** बॉलीवुड स्टार वाणी कपूर की एक झलक पाने के लिए उमड़ी भीड़ के कारण मानो बिलासपुर और भिलाई शहर पूरी तरह थम गए।मौका था कल्याण ज्वैलर्स के दो ब्रांड न्यू शोरूमों के उद्घाटन का।इन दो नए शोरूमों को मिलाकर छत्तीसगढ़ में ब्रांड के शोरूमों की संख्या तीन हो गई है और इस तरह ब्रांड ने छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करा दी है।

नया लॉन्च किया गया शोरूम भिलाई में नेहरू नगर पूर्व में स्थित है, जबकि बिलासपुर में शोरूम अग्रसेन चौक पर स्थित है।अभिनेत्री वाणी कपूर ने इन नए शोरूमों का उद्घाटन किया। बेमिसाल कारीगरी और शानदार डिजाइनों से सजे आभूषणों की एक विस्तृत रेंज के साथ ये नए शोरूम ग्राहकों को खरीदारी का एक शानदार अनुभव प्रदान करेंगे।कंपनी इस क्षेत्र में अपने ब्रांड फुटप्रिंट और अपने कामकाज का लगातार विस्तार कर रही है, ताकि विकास की राह पर आगे बढ़ने में मदद मिल सके और छत्तीसगढ़ में लोगों के लिए ब्रांड तक पहुंचना पहले से अधिक आसान हो सके। भीड़ को संबोधित करते हुए बॉलीवुड स्टार वाणी कपूर ने कहा, ह्यह्यमुझे यहां छत्तीसगढ़ में कल्याण ज्वैलर्स के जश्न का हिस्सा बनकर बेहद खुशी हो रही है, जहां हमने भिलाई और बिलासपुर में दो नए शोरूम लॉन्च किए हैं। मैं कल्याण ज्वैलर्स ब्रांड के प्रशंसकों और संरक्षकों के इतने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभारी हूं।

कल्याण ज्वैलर्स के आभूषणों का कलैक्शन वाकई बहुत शानदार और भव्य है और इनमें मुझे जो सबसे अधिक पसंद है, वो है ह्यमुहूर्तह्व कलैक्शन की शानदार ज्वैलरी! इस कलैक्शन में ब्रांड ने देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे कलात्मक और बेमिसाल आभूषण जुटाए हैं, जिन्हें पहनकर दुल्हनें अपने नए जीवन का जश्न मनाती हैं। मुझे इस प्रतिष्ठित ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने पर बेहद गर्व है जो विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहक संतुष्टि जैसे मूल्यों को अत्यधिक महत्व देता है। मुझे विश्वास है कि इस इलाके के समझदार ग्राहकों की ओर से कल्याण ज्वैलर्स को पूरे दिल से सपोर्ट मिलेगा।

नए शोरूम के बारे में जानकारी देने हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, ह्यह्यएक कंपनी के रूप में हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और इसके साथ ही हमने ग्राहक खरीदारी के अनुभव को पहले से बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। छत्तीसगढ़ में भिलाई और बिलासपुर में हमारे दो नए शोरूम का शुभारंभ करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हम इस बाजार में जबरदस्त क्षमता देखते हैं। जैसा कि हम अपनी विकास यात्रा के इस अगले चरण की शुरूआत कर रहे हैं, ऐसे में हम इस क्षेत्र में अपने फुटप्रिंट का लगातार विस्तार करते हुए ग्राहकों को खरीदारी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करना जारी रखेंगे। इसी माहौल में हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति मजबूती से कायम रहते हुए ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ सेवा-समर्थित खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नए लॉन्च किए गए शोरूमों में कल्याण ज्वैलर्स के ज्वैलरी कलेक्शन से डिजाइन की व्यापक रेंज पेश की जाएगी। आभूषणों को एक विश्व स्तरीय माहौल में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ह्यकल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट लागू होगा।

# गांव में ही महिलाओं को रोजगार के साथ मिली नई पहचान

**बलौदाबाजार** भाटापारा।घरेलू कामों में व्यस्त रहने वाली कई महिलाएं सफलता की नई इबारतें लिख रहीं है। इनमें बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखण्ड भाटापारा के ग्राम गुडेलिया एवं विकासखंड पलारी के ग्राम गिर्रा की महिलाएं भी शामिल हैं। जो पेवर ब्लॉक बनाकर अपनी राह मजबूत बना रही है।जिलें में इस तरह पहली बार महिलाएं पेवर ब्लॉक बनाने का काम रही है।इसकी मांग इतनी है की पूर्ति करना मुश्किल हो जा रही हैं। आदर्श ग्राम गुड़ेलिया में नारी शक्ति ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा पेवर ब्लॉक बनाने का कार्य किया जा रहा है।

ग्राम संगठन समूह की सदस्य संतोषी ध्रुव ने बताया कि लगभग 1 माह पूर्व प्रारंभ हुआ उक्त यूनिट से अभी तक कुल 22 ट्रॉली 16500 वर्ग फीट पेवर ब्लॉक का निर्माण एवं सप्लाई हो चुका है।पेवर ब्लॉक की मांग अधिकतर आसपास के ग्राम पंचायतों द्वारा की जा रही है।जिसमें ग्राम धनेली, खपराडीह, लेवई, कडार एवं भरतपुर शामिल है।इसके साथ ही निजी व्यक्तियों द्वारा भी पेवर ब्लॉक की मांग की जा रही है। अभी तक हमारे संगठन को 2 लाख वर्ग फिट का एडवांस ऑर्डर मिल चुका है। जिसकी विक्रय दर 52 लाख रुपये है। जिससे लगभग 12 लाख रुपये का शुद्ध लाभांश नारी शक्ति ग्राम संगठन के सदस्यों को प्राप्त होगा। उन्होंने आगे बताया कि एक वर्गफीट का 26 रुपये दर निर्धारित की गयी है।जिसमे लगभग 20 रुपये खर्च होता है एवं 6 रुपये की बचत होती है।हमारे यहां 2 प्रकार की पेवर ब्लॉक बनाएं जा रहे है। जिसमें कॉस्मिक एवं जिगजैग प्रकार का शामिल है। कॉस्मिक में 1000 नग में 555 फिट एवं जिगजैग 1000 नग में 357 फिट का पेवर ब्लॉक बन जाता है।

सीमा ध्रुव कहती है की यूनिट के प्रारंभ होने से स्थानीय स्तर में ही हम को रोजगार एवं पर्याप्त मजदूरी साथ ही लाभांश राशि पर्याप्त मिल जा रही है।इसी तरह समूह की अन्य सदस्य मंजू ध्रुव कहती है की रीपा के संचालन से महिला समूह की सभी सदस्य बेहद ही खुश है ।

# निमाणार्धीन दीवार गिरी, 13 मजदूर मलबे में दबे, 1 की मौत

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में निमार्णाधीन राइस मिल गोदाम की दीवार गिरने से 13 मजदूर दब गए।घटना में एक की मौत हो गई। 12 मजदूर इस हादसे में घायल है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, घटना भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चवेला की है।यहां पर एक राइस मिल के लिए गोदाम बनाने का कार्य चल रहा है। आज भी गोदाम निर्माण कार्य में मजदूर लगे हुए थे। इस दौरान अचानक से भरभराकर दीवार गिर गई।घटना में काम कर रहे 13 मजदूर मलबे के नीचे दब गए।

इधर, हादसे की जानकारी मिलने के बाद दबे मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से भानूप्रतापपुर सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में एक श्रमिक की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार





मजदूर को बेहतर उपचार के लिए कांकेर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर एसडीएम प्रतीक जैन भी पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : रविवार 25 जून 2023



# बॉलीवुड में स्टार किड्स की एंट्री !



**रवीना** टंडन की बेटी राशा थडानी से लेकर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान तक, कई स्टार किड्स अपना टैलेंट जल्द ही पर्दे पर दिखाते नजर आने वाले हैं. जी हां...कई सितारों की अगली पीढ़ी बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार है. कुछ स्टार किड्स ने तो फिल्मों पर काम करना भी शुरू कर दिया है, तो कुछ अपने प्रोजेक्ट्स की तैयारियों में जुटे हुए हैं. आइए, यहां जानते हैं किन-किन सेलेब्स के किड्स जल्द ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनने वाले हैं.

राशा थडानीः रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी बॉलीवुड में बतौर एक्ट्रेस कदम रखने की तैयारी कर चुकी हैं. राशा, जल्द ही डायरेक्टर अभिषेक कपूर की फिल्म में अजय देवगन के भतीजे अमान देवगन के साथ नजर आने वाली हैं.

सुहाना खानः शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान, जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं.

इब्राहिम अली खानः सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म सरजमीं से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं. इब्राहिम ने करण जौहर को फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में असिस्ट भी किया है.

शनाया कपूरः रिपोर्ट्स की मानें तो संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर, करण जौहर की अपकमिंग फिल्म बेधड़क से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखेंगी.

खुशी कपूरः दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी और दिग्गज फिल्म मेकर बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर, जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं.

अगस्तय नंदाः अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तय नंदा भी जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में बतौर एक्टर डेब्यू करने वाले हैं.

आर्यन खानः शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर डायरेक्टर बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं. आर्यन खान ने एक वेब सीरीज पर काम भी करना शुरू कर दिया है, जिसका नाम स्टारडम है.

# मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए आलिया- रणबीर

**आलिया** भट्ट और रणबीर कपूर को हालही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक्टर एक दम नए लुक में नजर आ रहे हैं। रणबीर और आलिया दुबई के लिए रवाना हुए हैं।

एयरपोर्ट पर रणबीर लाइट ब्लू शर्ट और ऑफ व्हाइट पैंट में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इस दौरान वह क्लीन शेव लुक में नजर आए। दोनों ने पैपराजी को जमकर पोज भी दिए। वहीं, आलिया कम्फर्टेबल लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने ब्लैक ट्रैकसूट पहना है, इस लुक को उन्होंने ब्लैक गॉगल्स और स्लिंग बैग के साथ कम्पलीट किया।

वीडियो में पैपराजी को रणबीर के लुक की तारीफ करते हुए सुना गया। कुछ फोटोग्राफर ने कहा, 'अच्छा लुक'। जिस पर रणबीर ने पूछा, 'किसका लुक'? जब लोगों ने रणबीर का नाम लिया, तो वह स्माइल करने लगे मुस्कुराए, फिर आलिया ने मुस्कुराते हुए पूछा, 'और मेरा'।

आलिया और रणबीर के वर्क फ्रंट की बात करे तो आलिया जल्दी ही करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में दिखाई देंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणवीर सिंह भी नजर आएंगे। फिल्म में जया बच्चन, शबाना आजमी और धर्मेंद्र भी हैं। ये रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 28 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा आलिया गैल गैडोट और जेमी डोर्नन के साथ 'हार्ट ऑफ स्टोन' से हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी।

वहीं रणबीर कपूर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके अलावा अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं। एनिमल 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## क्या एक सिंगर को डेट कर रही हैं खुशी कपूर?

### आर्चीज एक्ट्रेस के नाम बनाया स्पेशल गाना

**जाह्नवी** कपूर की ही तरह उनकी बहन खुशी कपूर भी अपनी मां की तरह एक्ट्रेस बनने की राह पर चल पड़ी हैं. खुशी जोया अख्तर की 'द आर्चीज' के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर रही हैं. अपने डेब्यू को लेकर खुशी इन दिनों काफी चर्चा में हैं. लेकिन, इसके अलावा भी एक चीज है, जिसे लेकर खुशी कपूर सुर्खियां बटोर रही हैं. दरअसल, खुशी अब खुशी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं और इसकी वजह बना है एक गाना. इस गाने के साथ खुशी की डेटिंग की भी चर्चा हो रही है, वो भी किसी एक्टर या स्टार किड के साथ नहीं एक सिंगर के साथ. ये सिंगर हैं एपी ढिल्लों, जिन्होंने हाल ही में एक ऐसा गाना बनाया है जिसके बाद लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया है कि वह खुशी कपूर को डेट कर रहे हैं. श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी ब्राउन मुंडे सिंगर एपी ढिल्लों को डेट कर रही हैं. कथित तौर पर, खुशी और एपी ढिल्लों के बीच कुछ तो 'पक रहा' है. पंजाबी सिंगर का हालिया सॉन्ग इसी ओर इशारा कर रहा है, क्योंकि सिंगर के गाने में खुशी का जिक्र जो है, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हुईं, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया है. एपी ढिल्लों ने अपने गाने ट्रू स्टोरीज में कहा, ''जदों हस्से तन लगे तू खुशी कपूर.'', जिसका अर्थ है, ''जब आप हंसती हैं, तो आप खुशी कपूर की तरह लगती हैं.''

हालांकि, ये भी गौर करने वाली बात है कि ना तो खुशी कपूर ने और ना ही एपी ढिल्लों ने अब तक अपनी डेटिंग की अफवाहों पर रिएक्शन नहीं दिया है. खुशी कपूर इन दिनों अपनी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म झ द आर्चीज के लिए तैयारी कर रही हैं. जिसका टीजर पिछले दिनों ही जारी किया गया था और इसके टीजर को खूब पसंद भी किया गया.

जोया अख्तर द्वारा निर्देशित, ये फिल्म शाहरुख खान की बेटी सुहाना और अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा की पहली फिल्म भी है. आर्चीज में अदिति सहगल (उनके



स्टेज नाम डॉट से जानी जाती हैं), वेदांग रैना, युवराज मेंडा और मिहिर आहूजा भी हैं. कहानी 1964 में सेट की जाएगी क्योंकि दर्शकों को रॉक एंड रोल, सुंदर लड़कियों और सुंदर लड़कों, दोस्ती, आजादी, प्यार और दिल टूटने की दुनिया में ले जाया जाएगा.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .